तापमान
अधिकतम .26 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 23 दिसंबर 2025

4 महापौर व सभापति ने बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का किया शुभारंभ





## खबर संक्षेप

### पिकअप और इको में भिड़ंत, एक की मौत

रायगढ़। धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पिकअप और इको वाहन में आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक ग्रामीण की मौत हो गई, जबकि तीन बच्चे घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सुनीता भगत निवासी कमोसिंनडांड ने धरमजयगढ थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि उसके पति पौलाराम भगत (33) रविवार को अपने तीन बच्चों अर्पण भगत (9), अरूणा भगत (7) व अंशु भगत (5) के साथ साप्ताहिक बाजार करने अपने इको वाहन में सवार होकर धरमजयगढ गए हुए थे। रात करीब 7:30 बजे उन्हें फोन के जरिए सूचना मिली कि उसके पति और बच्चे जब घर लौट रहे थे तो मिरीगुडा यात्री प्रतिक्षालय के पास उनका एक्सीडेंट हो गया है। इस सूचना पर जब वह मौके पर पहुंची तो देखा कि पिकप व इको वाहन के बीच आमने-सामने में एक्सीडेंट हुआ था। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि इस दुर्घटना में घायल बच्चे और पौलाराम भगत को सिविल अस्पताल धरमजयगढ में भर्ती कराया गया था। जहां पौलाराम भगत की अस्पताल में मौत हो गई है। मृतक की पत्नी सुनीता भगत की रिपोर्ट के बाद धरमजयगढ़ पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### अवैध कटाई की कलेक्टर से की गई शिकायत



सरसींवा। पीएमश्री हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में पर्यावरण संरक्षण के नियमों को ताक पर रखकर 25 से 30 पेड़ काट डाले गए। पेड़ों की कटाई के लिए किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति भी नहीं ली गई है। परिसर के आसपास रहने वाले और पालकों के अनुसार स्कूल परिसर में सालों पुराने छायादार और फलदार पेड़ थे। यह न सिर्फ स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराते थे, बल्कि गर्मियों में राहत का बड़ा साधन थे। नियमों के अनुसार सरकारी परिसर में एक भी पेड़ काटने से पहले वन विभाग और नगर प्रशासन से लिखित अनुमति अनिवार्य होती है। इसके बावजूद बिना अनुमति पेड़ काटा जाना गंभीर लापरवाही और नियमों का खुला उल्लंघन है। स्थानीय नागरिकों ने पेड़ काटने के मामले में जांचकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्कूल के प्राचार्य लक्ष्मी प्रसाद पटेल के खिलाफ स्कूली बच्चों से रोजाना झाड़ू पोंछा और साफ-सफाई का काम कराने का आरोप है। आरोप के अनुसार प्राचार्य पर बच्चों से स्कूल समय में काम कराने का भी आरोप, पढ़ाई के समय बच्चों से नियमित रूप से कक्षाओं, रामदे और परिसर की सफाई करवाई जाती है। मामले को लेकर कलेक्टर को 15 बिंदुओं में लिखित शिकायत, सौंपी गई है। इसमें पेड़ों की अवैध कटाई, बच्चों से काम कराना, प्रशासनिक लापरवाही सहित अन्य गंभीर आरोप शामिल हैं।

### आंबा सहायिका पद के लिए 6 तक आवेदन आमंत्रित

रायगढ़। एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी रायगढ़ अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र विनोबनगर, वार्ड क्रमांक 24 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद के लिए 26 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। इच्छुक आवेदिका नियत तिथि एवं समय पर आवेदन परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना, रायगढ़ में जमा कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

हर रोज कोहरे के समान छाया रहता है धुंआ

# ट्रांसपोर्ट नगर डंपिंग यार्ड से निकल रहा जहरीला धुंआ, लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा बुरा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के ट्रांसपोर्टनगर कचरा यार्ड में हर रोज आग धधक रही है। यहां से निकल रही धुआं धूंध की तरह नजर आ रहा है। इससे आसपास के लोग तो परेशान हो ही रहे हैं, साथ ही हवा चलने के बाद यह धुआं एनएच तक पहुंच रहा है। ऐसे में वाहन चालक भी परेशान हो रहे हैं। इसकी कई बार शिकायत भी हो चुकी है, इसके बाद भी उक्त आग को बुझाने निगम के अधिकारी पहल नहीं कर रहे हैं। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञात हो कि शहर से निकलने वाले कचरे को नगर निगम द्वारा ट्रांसपोर्टनगर में बने एसएलआरएम सेंटर के पास डंप किया जा रहा है। इन कचरों के निपटान के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। इससे यहां बड़ी संख्या में कचरा जमा हो गया है। इस कचरे में लोगों के द्वारा आग लगा दी जाती है। खास बात यह है कि आसपास से कलेक्ट होने वाले कचरे को धधक रही आग के ऊपर ही डाला जा रहा है। इससे आग बुझने की बजाय और धधक रही है। इस कचरे की आग से निकलने वाला धुआं व बदबू से आसपास के लोग परेशान हैं। इसको लेकर स्थानीय लोगों द्वारा कई बार वार्ड पार्षद सहित निगम के अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं। इसके बाद भी उक्त आग को नहीं बुझाया जा रहा। इन दिनों ठंड का मौसम होने के कारण उक्त कचरे से धुआं निकल रहा है। इससे दूर से देखने पर लगता है कि ट्रांसपोर्टनगर में धूंध छाया है, लेकिन नजदीक जाकर देखने पर पता चलता है कि यह धुंआ है। मोहल्लेवासियों की माने तो शाम होते ही धुंआ और तेज हो जाता है। इससे पूरा क्षेत्र धुएं और बदबू से भर जाता है।



**डाली जा रही है मिट्टी**

गेल के साथ ट्रांसपोर्ट नगर में बायोगैस प्लांट स्थापित किया जाएगा। जब तक प्लांट नहीं बन जाता उस जगह पर मिट्टी डाल कर समतलीकरण किया जाएगा, जिससे लोगों को समस्या नहीं होगी।
-ब्रजेश सिंह क्षत्रिय
आयुक्त, नगर निगम

**वाहन चालक भी हो रहे परेशान**

डंपिंग यार्ड से निकलने वाला धुंआ हवा के रूख के साथ एनएच-49 पर ही पहुंचता है। इससे धुंध होने के कारण रात के समय ज्यादा दूर तक दिखाई नहीं देता है। इससे हादसे का भी बना रहता है। ऐसे में वाहन चालकों की मानें तो हवा के साथ जब धुंआ सड़क में आता है तो लाइट के बाद भी दूर तक नहीं दिखता है। इससे जितने दूर तक धुंआ रहता है, उतने दूर तक धीमी गति से गाड़ी निकालना पड़ता है। ऐसे में कभी भी यहां हादसा हो सकता है।

**कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट की प्रक्रिया अधर में**

निगम के द्वारा गेल के साथ मिलकर ट्रांसपोर्ट नगर में कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट की स्थापना करनें का प्लान बनाया गया है। जिससे कचरे का वैज्ञानिक तरीकों से निपटान किया जा सकेगा। जिसको 2026 तक शुरू करनें का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन साल खत्म होने को है और अब तक इस दिशा में कोई काम शुरू नहीं हो पाया है। ऐसे में यह जरूर कहा जा सकता है कि लोगों को इस जहरीली धुएं से जल्दी राहत नहीं मिल पाएगी।

**हर दिन निकलता है 20 टन कचरा**

ज्ञात हो कि शहर से हर दिन 20 टन कचरा निकलता है, जिसमें से कुछ को एसएलआरएम सेंटरों में छंटाई कर लिया जाता है और बचे हुए कचरे को ट्रांसपोर्ट नगर में डंप कर दिया जाता है। सालों से कचरे डंप होने की वजह से यहां कचड़े का मैदान जैसा बन गया है।

### जिलेभर में नहीं थम रहा हाथी व मानव संघर्ष

राउरकेला। घने जंगलों से घिरे सुंदरगढ़ जिले में हाथी–मानव संघर्ष गंभीर रूप ले चुका है। बीते एक वर्ष से हाथियों के झुंड लगातार जंगल छोड़कर गांवों और आबादी की ओर बढ़ रहे हैं। उन्हें खदेड़ने के लिए वन विभाग और ग्रामीण संयुक्त प्रयास कर रहे हैं, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद हालात पर काबू नहीं पाया जा सका है। रात के समय हाथियों के झुंड गांवों में घुसकर घरों को तोड़ रहे हैं और धान व सब्जियों की फसलों को खाकर व रौंदकर नष्ट कर रहे हैं। पीड़ित परिवारों को वन विभाग की ओर से मिलने वाली सहायता को ग्रामीण अपर्याप्त बता रहे हैं। हाथियों को आबादी से दूर रखने के लिए अब तक कोई ठोस और स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। जंगल से सटे गांवों के लोग हाथियों के भय से अधिकांश रातें जागकर गुजार रहे हैं। कई स्थानों पर ग्रामीण बारी-बारी से पहरा दे रहे हैं, जबकि अनेक परिवार डर के कारण अपने घर छोड़कर अन्य गांवों में शरण लेने को मजबूर हो गए हैं। लाठीकाटा ब्लॉक के रुटुकुपेड़ी, फिकड़चुंडी, बड़दलकी, डोलाकुदर, पटबेड़ा, बुधीकुदर, मुंडाजोर और नुआगांव जैसे गांवों में किसान खेतों को परती छोड़ने लगे हैं।

## तहसील ने करवा लिया गिरदावरी सर्वे का कार्य, अब नहीं किया जा रहा भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तहसील के द्वारा गिरदावरी कार्य में लगे लोगों को भुगतान नहीं किया जा रहा। इस कार्य में लगे युवक-युवती कार्यालयों के चक्कर लगा कर परेशान हो चुके हैं। इसी से तंग आकर सभी लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए उन्हे उनकी मेहनत का पैसा दिलाने की मांग की है।

मामला रायगढ़ जिले के तमनार का है, जहां के गिरदावरी के कार्य में लगे लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि उनके द्वारा अक्टूबर माह में गिरदावरी का कार्य किया था, जिसमें तहसील के द्वारा इस सर्वे के एवज में भुगतान किए जाने की बात कही गई थी, लेकिन काम खत्म होने के बाद से अभी तक उन्हें कोई भुगतान नहीं किया गया है। वहीं जब इस मामले को लेकर वो तहसील जाते हैं तो उनसे अंकाउट नंबर तो मांगा जाता है इसके बाद भी उन्हें पैसा नहीं मिलता है।



**अंकाउट नंबर गलत होने का दिया जाता है हवाला**

सर्वे में लगे लोगों ने बताया कि लगभग 300 से अधिक लोगों के द्वारा सर्वे का कार्य किया गया था, उसमें से अब तक कुछ लोगों को ही भुगतान किया गया है और शेष लोगों का भुगतान रोक दिया गया है। जब इसके लिए तहसील कार्यालय स्थित भुईंया शाखा में जाते हैं तो वहां हर बार कभी अकांउट नंबर गलत है तो कभी आईएफएससी नंबर गलत है बोला जाता है। सही दस्तावेज फिर से देने पर भी नया-नया बहाना कर उन्हें सिर्फ घुमाया जा रहा है।

## एंबुलेंस चालक से मारपीट कर तोड़फोड़ करने वाले आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आपातकालीन सेवा में तैनात एम्बुलेंस और उसके चालक पर हमला करने के मामले में पुसौर पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

सड़क दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस के साथ न केवल मारपीट की गई, बल्कि वाहन में तोड़फोड़ कर लगभग एक लाख रुपये से अधिक की क्षति पहुंचाई गई थी। दरअसल 17 अक्टूबर की रात को एनटीपीसी लारा अंतर्गत संचालित एम्बुलेंस को देवलसुरा मार्ग में सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने पर ग्राम देवलसुरा चौक भेजा गया था। एम्बुलेंस चालक के साथ एमटी देवेन्द्र सोनी भी मौके पर पहुंचे, जहां पहले से भारी भीड़ मौजूद थी। इसी दौरान विकास साव, सुनील साव, प्रकाश निषाद, रोहित डनसेना, सुनील गुप्ता, शैलेष पटेल सहित लगभग 20–25 लोगों ने दोनों एम्बुलेंस कर्मियों के साथ गाली-गलौच शुरू कर दी और उन्हें एम्बुलेंस से खींचकर बाहर निकालते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट की। भीड़ द्वारा पत्थर और हेलमेट से एम्बुलेंस पर हमला किया गया, जिससे वाहन के आगे, पीछे और साइड के शीशे सहित अन्य हिस्सों को गंभीर नुकसान पहुंचा। मारपीट की स्थिति को देखते हुए एमटी देवेन्द्र सोनी जान बचाकर मौके से भाग गया। उक्त घटना के संबंध में एम्बुलेंस चालक द्वारा 19 अक्टूबर को थाना पुसौर में शिकायत किया गया, जिस पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया। प्रकरण की विवेचना में आरोपियों की पहचान के पश्चात पुसौर पुलिस ने 6 आरोपियों—विकास कुमार साव (22 वर्ष), सुनील साव (25 वर्ष), प्रकाश कुमार निषाद (28 वर्ष), रोहित कुमार डनसेना (36 वर्ष), सुनील गुप्ता (28 वर्ष) एवं शैलेष पटेल (29 वर्ष), सभी निवासी देवलसुरा थाना पुसौर जिला रायगढ़—को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को बलवा एवं मारपीट के गंभीर अपराधों में न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



### बरसुआं लौहखदान शाखा में राउरकेला मजदूर सभा का स्थापना दिवस मनाया गया

राउरकेला। राउरकेला मजदूर सभा ने 19 दिसंबर को संध्या 7 बजे बरसुआं लौहखदान कार्यालय, टेंसा में अपनी 70 वीं स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया।

इस अवसर पर आयोजित कर्मी सम्मेलन को संबोधित करते हुए सभा के अध्यक्ष शशधर नायक ने कहा कि राउरकेला मजदूर सभा विगत सात दशकों से इस्पात संयंत्रों एवं खदानों में कार्यरत श्रमिक कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती आ रही है। उन्होंने संगठन के दिवंगत नेताओं की भूमिका को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के प्रारंभ में दिवंगत नेताओं के तैलचित्रों पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सामान्य सचिव राजेश बेहेरा के संयोजन में किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्षगण सिद्धेश्वर बल, प्रमोद कुमार दास, पतितपावन जेना, पांडब चंद्र माझी तथा कोषाध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार बेहेरा मंचासीन रहे और अपने.अपने विचार व्यक्त किए। श्रीमती निर्मला बेहेरा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी कर्मियों, पदाधिकारियों, बरसुआं लौहखदान शाखा के कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों का स्वागत किया। सामान्य सचिव राजेश बेहेरा ने वर्ष भर में बरसुआं एवं तालडिही लौहखदानों में कार्यरत श्रमिक कर्मचारियों तथा ठेका श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान में मजदूर सभा की भूमिका की जानकारी दी तथा आगामी वर्ष की कार्ययोजना के लिए सभी के सहयोग की अपील की। स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

## बकाया वसूली को लेकर विद्युत विभाग चला रहा दो दिवसीय अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

विद्युत विभाग के द्वारा बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं पर अब सख्त कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। जिसके तहत बिजली विभाग के द्वारा दो दिवसीय अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत 10 हजार से 40 हजार रुपए तक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं की बिजली लाइन काटी जाएगी।

बिजली विभाग के अनुसार लंबे समय से बिल भुगतान नहीं होने के कारण करोड़ों रुपए का बकाया हो चुका है। इसी को देखते हुए अब विभाग ने अभियान चलाते हुए बड़े बकायदारों के लाइन काटने का फैसला लिया है। विभाग ने इस अभियान को अधिक प्रभावी बनाने के लिए अन्य जिलों से 10 टीमें धरातल पर उतारी हैं। इसमें रायगढ़ की भी 2 टीमों को मिलाकर जांजगीर, सारंगढ़ सहित कुल 12 टीमें बड़े बकायदारों के यहां पहुंच कर वसूली कर रही है। हर टीम में जेई, लाइनमैन सहित चार कर्मचारी शामिल हैं। विभाग के कार्यपालन अभियंता आरके राव ने बताया कि कई उपभोक्ता लंबे समय से बिजली बिल नहीं चुका रहे हैं। इसी कारण बाहर से टीमें मंगाई गई हैं। सोमवार और मंगलवार दो दिनों तक ऐसे सभी उपभोक्ताओं की बिजली लाइन काटी जाएगी, जिन पर 10 से 40 हजार रुपए तक का बकाया है।



## युवती से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



पुसौर थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया के माध्यम से जान-पहचान कर युवती से दुष्कर्म करने के मामले में पुसौर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी ने शादी का झांसा देकर अलग-अलग स्थानों पर पीड़िता के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाया और बाद में विवाह से इनकार कर दिया था।

दरअसल पीड़िता ने 31 अक्टूबर को थाना पुसौर में आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि करीब एक वर्ष पूर्व इंस्टाग्राम आईडी के माध्यम से उसकी पहचान संदीप प्रधान निवासी बोरोडीपा चौक, पुसौर से हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच मोबाइल के जरिए बातचीत होने लगी। इसी दौरान जनवरी 2024 से अप्रैल 2024 के बीच आरोपी ने शादी का भरोसा दिलाकर अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर पीड़िता के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। बाद में आरोपी ने विवाह से साफ इंकार कर दिया। पीड़िता का कथन महिला पुलिस अधिकारी द्वारा दर्ज कर, उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। पीड़िता के लिखित आवेदन पर थाना पुसौर में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया। अपराध दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार था, जिसे पुलिस ने पतासाजी कर हिरासत में लिया गया।

7 सूत्रीय मांगों को लेकर ट्रैफिक डीएसपी को सौंपा ज्ञापन

# शहर में ध्वस्त यातायात से नाराज युवा कांग्रेस ने घेरा ट्रैफिक थाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर में बढ़ते ट्रैफिक के दबाव और अव्यवस्था के खिलाफ युवा कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को उनके द्वारा यातायात थाने का घेराव कर व्यवस्था में सुधार लाने ट्रैफिक डीएसपी को ज्ञापन सौंपा गया है। इस दौरान युवा कांग्रेस द्वारा जमकर नारेबाजी भी की गई है।

सोमवार को युवा कांग्रेस के सदस्य ट्रैफि थाने पहुंचे, जहां उन्होंने रायगढ़ में बदहाल हो चुकी यातायात की व्यवस्था को लेकर मुखरता से आवाज उठाई और कहा कि रायगढ़ एक बड़ा औद्योगिक नगरी के रूप में विकसित हुआ है। गाड़ियों की संख्या में भारी इजाफा भी हुआ है, जिसके कारण ट्रैफिक की समस्या बढ़ती जा रही है। शहर के अधिकांश सड़कों पर दोपहर और शाम के समय जाम की स्थिति सामान्य बात हो चुकी है, गाड़ी लेकर निकलना कठिन हो गया है। जिसका एक बड़ा कारण ट्रैफिक विभाग के पास पर्याप्त बल ना होना और उनकी उदासीनता है। शहर के प्रमुख चौक जहां जाम की स्थिति रोज बनती है वहां एक भी जवान नजर नहीं आता है। पार्किंग की व्यवस्था नहीं युवा कांग्रेसियों ने कहा कि बड़े प्रतिष्ठान जो बिना पार्किंग के चले जा रहे हैं उस पर ध्यान देना होगा। कंपनियों की बसों के कारण भी जाम की स्थिति बनती है उस पर ठोस प्लानिंग करनी होगी। बिना किसी बड़े प्लान और एक्शन के रायगढ़ की ट्रैफिक समस्या दुरुस्त नहीं होने वाली हैद्ध युवा कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि जल्द से जल्द शासन-प्रशासन इस विषय को लेकर गंभीरता से पहल करें नहीं तो आगे और कड़े कदम उठाए जाएंगे।



**युकां की यह है सात सूत्रीय मांग**

सड़कें चलने के लिए होती हैं, पार्किंग के लिए नहीं, नो पार्किंग पर सख्त कार्रवाई हो। नए मॉल, दुकानें और संस्थान अपनी पार्किंग होते हुए भी सड़क पर वाहन खड़े कराते हैं, इस पर नियंत्रण हो। मॉल क्षेत्रों में जाम रोकने की जिम्मेदारी प्रबंधन तय करे, नहीं करने पर कार्रवाई हो। बस स्टैंड और कार्मेल स्कूल क्षेत्र में छुट्टी के समय भारी जाम लगता है जिसे दुरूस्त किया जाए। ढिमरापुर–उर्दना–पूंजीपथरा रोड पर डंपर पार्किंग से लगने वाले जाम पर सख्त कार्रवाई हो। आवारा पशुओं के लिए कांजी हाउस की व्यवस्था कर सड़कों से हटाया जाए।

## तेन्दुपत्ता संग्राहकों को 2 साल से नहीं मिला मेहनताना

**बकाया राशि दिलाने कलेक्टर से लगाई गुहार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तेंदुपत्ता संग्राहकों को पिछले 2 साल से मेहताना की राशि नहीं दी गई है। जिसकी शिकायत लेकर समिति के सभी सदस्य कलेक्टर के पास पहुंचे थे। पूरा मामला ग्राम कुकुर्दा तेंदुपत्ता संग्रहण समिति से जुड़ा हुआ है। इस समिति के सदस्यों ने कलेक्टर से शिकायत करते हुए बताया कि वह सभी वनोपज तेंदुपत्ता संग्रहण का कार्य करते हैं।

तेंदुपत्ता का संग्रहण ही उनके आय का एकमात्र स्त्रोत है और इसी के द्वारा वो अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि समिति के सदस्यों को पिछले 2 सालों से तेंदुपत्ता संग्रहण की राशि नहीं मिली है। जिसके लिए वे कई बार समिति के प्रबंधक से निवेदन भी कर चुके हैं, लेकिन आज तक उन्हें किसी प्रकार की सहायता नहीं मिल सकी है। ग्रामीणों ने बताया कि समिति के कुछ सदस्यों को पिछले एक साल और कई लोगों को 2 साल से भुगतान नहीं किया गया है। वहीं जब प्रबंधक से राशि क्यों नहीं आया है पूछा जाता है तो वो हर बार 10-15 दिन बोलकर घूमाता है। वहीं कुछ सदस्यों ने तो यह भी बताया कि उतनी दूर से यहां शिकायत करनें आते है इसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं होती है।

## खबर संक्षेप

### जिले में महुआ पैकेजिंग व ग्रामीण प्रकल्पों की समीक्षा

**सुंदरगढ़।** ओडिशा सरकार के पंचायत राज एवं पेयजल विभाग के मंत्री रवि नायक ने सुंदरगढ़ जिले का दौरा कर विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण आजीविका कौशल विकास और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की। मंत्री के दौरे के अवसर पर ओडिशा विधानसभा के उप वाचस्पति भवानी शंकर भोई, मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला कार्यपालक अधिकारी सुरंजन साहू, सदर उप जिलाधिकारी तेजस्विनी बेहेरा तथा पूर्व विधायक कुसुम टेटे उपस्थित रहीं। इनके साथ विभागीय और परियोजना से जुड़े अधिकारी भी निरीक्षण कार्यक्रम में शामिल रहे। श्री नायक ने करमडीही स्थित स्किल प्रशिक्षण केंद्र का दौरा कर वहां चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का जायजा लिया। उन्होंने प्रशिक्षकों और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र छात्राओं से संवाद कर उनके अनुभव और आवश्यकताओं की जानकारी ली। इसके बाद मंत्री ने करमडीही स्थित ग्रामीण उद्योग पार्क का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने सिलाई एवं पैकेजिंग यूनिट के कार्यों का अवलोकन किया तथा स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों से सीधे बातचीत की। उन्होंने महुआ पैकेजिंग गतिविधियों की समीक्षा करते हुए समूह की महिलाओं को ईमानदारी, परिश्रम और गुणवत्ता के साथ कार्य कर आत्मनिर्भरता एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ओरमास के उप.कार्यपालक अधिकारी केशव झा, ओडिशा जीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक सैमुअल टोप्पो सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री ने सभी परियोजनाओं को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए।

### डिप्टी कलेक्टर सुनी आमजन की समस्याएं

**जशपुरनगर।** डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी ने जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों से सीधे रूबरू होकर उनकी समस्याएँ एवं मांगों की जानकारी ली। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन किया और संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डिप्टी कलेक्टर श्री द्विवेदी ने अधिकारियों से कहा कि आवेदकों को उनके आवेदन पर की गई कार्यवाही की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए, जिससे उन्हें अपनी समस्या के समाधान की स्थिति स्पष्ट रूप से ज्ञात हो सके। आज आयोजित जनदर्शन में कुल 67 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मुख्य रूप से राजस्व प्रकरण, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, अधोसंरचना निर्माण, आजीविका उन्नयन तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधित आवेदन शामिल थे।

### अब आसानी से स्कूल जा सकेगा दिव्यांग छात्र कुलदीप

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील और त्वरित निर्देश से ग्राम ढोलचुवा, तहसील कुनकुरी निवासी दिव्यांग छात्र कुलदीप राम के जीवन में एक नई उम्मीद जगी है। जन्म से ही दिव्यांग होने के कारण चल-फिर न पाने वाले आठवीं कक्षा के छात्र कुलदीप को अब शिक्षा के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। कुलदीप राम, पिता चेतन विश्वकर्मा, के परिजन आज मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया पहुंचे और ट्राई सायकल की मांग रखी। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय की तत्परता से तुरंत ट्राई सायकल उपलब्ध कराई गई, जिससे कुलदीप अब नियमित रूप से और आसानी से स्कूल जा सकेगा।ट्राई सायकल मिलने के बाद कुलदीप के चेहरे पर खुशी साफ नजर आई। परिजनों ने इस मानवीय सहयोग के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहायता केवल एक साधन नहीं, बल्कि कुलदीप के भविष्य को संवारने की दिशा में बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की यह पहल दिव्यांगजनों के प्रति सरकार की संवेदनशील सोच और समावेशी विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जहां हर बच्चे को शिक्षा और आत्मनिर्भरता का अवसर मिल सके।

### जागरूकता फैलाने किया गया विधिक शिविर का आयोजन

**जशपुरनगर।** सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर की अध्यक्षता में प्रस्तावित परिवार न्यायालय भवन परिसर जशपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन विगत दिवस संपन्न हुआ। उक्त विधिक जागरूकता शिविर कार्यक्रम में माननीय सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र एवं माननीय राकेश बिहारी घोरे, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय जशपुर के द्वारा विधिक जागरूकता, नशा मुक्ति, नशीली दवाओं के दुरुपयोग, शिक्षा का अधिकार, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में भानु प्रताप सिंह त्यागी, जिला एवं प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कुनकुरी, बलराम कुमार देवांगन, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कुनकुरी, जनार्दन खरे, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी जशपुर, सरोजनी जर्नादन खरे जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश जशपुर न्यायालय के अति. न्यायाधीश जशपुर, सुमन सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जशपुर, श्वेता बघेल सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नरेन्द्र कुमार तेन्दुलकर, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 1, कुनकुरी, क्रांति कुमार सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जशपुर, प्रज्ञा सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जशपुर, नेहा तिर्की, अतिरिक्त न्यायाधीश, व्यवहार न्यायालय कनिष्ठ श्रेणी जशपुर कु पूनम नशीने, अतिरिक्त न्यायाधीश, व्यवहार न्यायालय कनिष्ठ श्रेणी जशपुर, ओपी साय, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ, सत्यप्रकाश तिवारी, सचिव, जिला अधिवक्ता संघ, जेपी सिन्हा, अधिवक्ता, सुदेश गुप्ता, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल जशपुर एवं जिला न्यायालय के समस्त अधिकारीगण एवं न्यायिक कर्मचारीगण, अधिवक्तागण तथा जशपुर जिले के समस्त पीएलवी उपस्थित रहे।

# राउरकेला में बढ़ रही आपराधिक घटनाएं, 35 महीनों में 66 अवैध हथियार जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

शहर और आसपास के इलाकों में आपराधिक घटनाओं का स्वरूप लगातार खतरनाक होता जा रहा है। अब मामूली विवादों में भी गोलियां चलने लगी हैं। बालू उत्खनन, खनन क्षेत्रों में वसूली, लूटपाट और संगठित अपराधों में अपराधी बेखौफ होकर देसी विदेशी हथियारों का इस्तेमाल कर रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि एके-47 जैसी राइफलों को रखने और इस्तेमाल करने से भी अपराधी पीछे नहीं हट रहे।

- क्षेत्र में बढ़ रही वसूली व लूट की घटनाएं, 122 गिरफ्तार

अवैध हथियारों के बढ़ते चलन ने पुलिस और आम जनता दोनों की चिंता बढ़ा दी है। हालांकि जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई कर कई अपराधियों को जेल भेजा गया है, लेकिन हथियार तस्करी का नेटवर्क अब भी पूरी तरह ध्वस्त नहीं हो सका है।

### खनन क्षेत्र बने अपराधियों के सुरक्षित ठिकाने

सबसे चिंताजनक स्थिति कोइड़ा खनन क्षेत्र और सीमावर्ती गुरुंडीया ब्लॉक में देखी जा रही है। यहां हथियारों के साथ बड़ी मात्रा में जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं। शाम ढलते ही अपराधी ट्रांसपोर्ट कार्यालयों, दुकानों और पेट्रोल पंपों को निशाना बना रहे हैं। बंदूक की नोक पर ट्रांसपोर्ट मालिकों और कर्मचारियों से लाखों रुपये की लूट कर अपराधी आसानी से फरार हो जाते हैं, जिससे आम लोगों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### खुफिया तंत्र मजबूत करने की जरूरत

विशेषज्ञों और बुद्धिजीवियों का मानना है कि केवल आपराधिक घटनाओं के बाद कार्रवाई करना पर्याप्त नहीं है। अवैध हथियारों के इस संगठित नेटवर्क को जड़ से खत्म करने के लिए जिला पुलिस को अपने खुफिया सूचना तंत्र को और मजबूत करना होगा। जब तक हथियार तस्करी की सप्लाई चेन पर प्रभावी प्रहार नहीं होगा, तब तक राउरकेला और आसपास के इलाकों में अपराध पर पूरी तरह लगाम लगाना एक बड़ी चुनौती बना रहेगा।

**बिहार से बंगाल तक फैला अवैध हथियारों का नेटवर्कः** पुलिस जांच में सामने आया है कि राउरकेला में सक्रिय अवैध हथियारों का नेटवर्क बिहार के मुंगेर, झारखंड और पश्चिम बंगाल के मटियाबुर्ज, गार्डेनरीच, टिटागढ़ और बनगांव जैसे इलाकों तक फैला हुआ है। इन्हीं क्षेत्रों से अपराधियों को आसानी से हथियार उपलब्ध कराए जा रहे हैं। हथियार तस्कर पुलिस को खुली चुनौती देते हुए लुटेरों, डकैतों और कुख्यात अपराधियों तक हथियार पहुंचा रहे हैं। लगातार हो रही बरामदगियों ने इस नेटवर्क की गहराई को उजागर किया है।

### 35 महीनों में चौंकाने वाले आंकड़ें

जिला पुलिस मुख्यालय से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2022 से नवंबर 2025 तक के 35 महीनों में कुल 66 अवैध हथियार बंदूक और पिस्तौल जब्त किए गए हैं। इनमें 4 एके.47 जैसी अत्याधुनिक राइफलें भी शामिल हैं। अवैध हथियार रखने और उनके इस्तेमाल के मामलों में 122 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इसके बावजूद असामाजिक तत्व खुलेआम हथियार लेकर घूमते नजर आ रहे हैं। वर्ष 2022 में 23 हथियार जब्त किए गए थे, जिनमें 4 एके.47 राइफलें शामिल थीं। ये हथियार प्लांटसाइट, लहुणीपाड़ा, सेक्टर.15, रघुनाथपाली, बिश्रा, सेक्टर.3 और ब्राह्मणीतरंग थाना क्षेत्रों से बरामद हुए थे। वर्ष 2023 में 4 हथियार जब्त कर 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया। वर्ष 2024 में 8 हथियार बरामद हुए और 14 आरोपी जेल भेजे गएए हालांकि दो आरोपी अब भी फरार हैं। नवंबर 2025 तक 27 हथियार और पिस्तौल जब्त कर 50 आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है।

## कलेक्टर ने ली समृद्धि योजना के क्रियान्वयन के संबंध में बैठक

# जशपुर में बनेगा भारत देश का मॉडल प्रोजेक्ट सिंचाई व्यवस्था का होगा आधुनिकीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में आज समृद्धि कमांड क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन का आधुनिकीकरण (MCAD) परियोजना की बैठक आयोजित की गई।

- इस योजना से 13 ग्रामों के कुल 4831 हेक्टेयर क्षेत्र को आधुनिक सिंचाई सुविधा से जोड़ा जाएगा

बैठक में जिले में शुरू होने वाली एमकैड के अंतर्गत प्रस्तावित बगिया बैराज सह दाबित उद्वहन सिंचाई योजना के क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस परियोजना के माध्यम से 13 ग्रामों के कुल 4933 हेक्टेयर क्षेत्र को आधुनिक सिंचाई सुविधा से जोड़ा जाएगा। परियोजना के तहत पारंपरिक नहर प्रणाली के स्थान पर आधुनिक प्रेसराइज्ड पाइप इरिगेशन नेटवर्क विकसित किया जाएगा, जिससे जल उपयोग दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, समृद्धि के स्टेट नोडल ऑफिसर आलोक अग्रवाल प्रोजेक्ट डायरेक्टर संजय पाठक, यूनाइटेड नेशन के फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन से कृष्णन एवं श्री राजेश, कृषि, उद्यानिकी, जल संसाधन विभाग, कृषि महाविद्यालय के अधिकारी तथा सृजन और प्रदान संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर रोहित व्यास ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजना में शामिल 13 ग्रामों के प्रत्येक किसान का नाम, रकबा, सिंचित एवं असिंचित भूमि का विस्तृत विवरण संकलित किया जाए।



**होगा आधुनिक तकनीकों का उपयोगः** जल के नियंत्रित एवं वैज्ञानिक उपयोग के लिए सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डेटा एक्विजशिन तथा इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन के कृष्णन ने तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस परियोजना के माध्यम से सिंचाई परिसंपत्तियों पाइप नेटवर्क संरचना एवं जल प्रबंधन के संचालन में किसानों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। डेटा एवं विश्लेषण के आधार पर यह निर्धारित किया जाएगा कि कहां, कब और कितना पानी देना है। उन्होंने कहा कि कृषि और सिंचाई एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। बेहतर सिंचाई व्यवस्था के साथ उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाकर किसानों को जलवायु परिवर्तन से जुड़े जोखिमों से निपटने में सक्षम बनाया जा रहा है, जिससे दीर्घकालीन उत्पादकता, लाभप्रदता और किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार सुनिश्चित होगा।

उन्होंने कहा कि समृद्धि चौपाल के माध्यम से किसानों को परियोजना के लाभों से अवगत कराया जाएगा तथा फसल विविधीकरण के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि सिंचाई परियोजना का अधिकतम और समुचित उपयोग सुनिश्चित हो सके। जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार ने परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जमीनी स्तर पर कार्यरत कृषि कर्मियों एवं कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों के सहयोग लेने की बात कही। साथ ही एफआरए (फार्मर रिलेशन एजेंसी) के माध्यम से किसानों में जागरूकता बढ़ाने पर भी बल दिया। समृद्धि एमसीएडी परियोजनाः हर बूंद का बेहतर उपयोग, किसानों की बढ़ेगी उत्पादकता। समृद्धि योजना के अंतर्गत जशपुर जिले की मैनी नदी पर प्रस्तावित बगिया बैराज सह दाबित उद्वहन सिंचाई योजना के के संबंध में समृद्धि के स्टेट नोडल ऑफिसर आलोक अग्रवाल ने बताया कि एमकैड कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत सरकार के शक्ति मंत्रालय द्वारा अप्रैल 2025 में किया गया था।

### बगिया दाबित सिंचाई प्रणाली के लिए 96 करोड़ स्वीकृत

एमकैड कार्यक्रम के अंतर्गत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कांसाबेल विकासखंड के ग्राम बगिया एवं आसपास के क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बगिया दाबित सिंचाई प्रणाली के लिए भारत सरकार द्वारा 95.89 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस परियोजना के माध्यम से क्षेत्र के 13 ग्रामोंकृबगिया, उसकुटी, रजोती, सुजीबहार, चोंगरीबहार, बांसबहार, डोकडा, सिकरिया, पतराटोली, गहिराडोहर, बीहाबल, नरियरडांड एवं ढुढुडांड के 8454 हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई सुविधा मिलेगी। इसमें से 4831 हेक्टेयर खरीफ एवं 3623 हेक्टेयर रबी फसलों के लिए सिंचित किया जाएगा। बगिया समृद्धि योजना का संचालन एवं संधारण जल उपभोक्ता समिति के माध्यम से किया जाएगा। परियोजना पूर्ण होने के पश्चात प्रारंभिक 5 वर्षों तक संचालन एवं संधारण कार्य ठेकेदार द्वारा किया जाएगा, इसके बाद यह जिम्मेदारी जल उपभोक्ता समिति को सौंपी जाएगी। समिति में महिलाओं की सहभागिता भी सुनिश्चित की गई है। परियोजना का मुख्य उद्देश्य जल उपयोग दक्षता को बढ़ाना, पानी की हर बूंद का समुचित उपयोग करते हुए कृषि उत्पादन में वृद्धि करना तथा किसानों की आय में स्थायी सुधार लाना है। परियोजना में विद्युत आपूर्ति सौर ऊर्जा के माध्यम से की जाएगी।

# सेमल लकड़ी से लदा ट्रक जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

वन मण्डलाधिकारी शशि कुमार के निर्देशन में वन विभाग द्वारा अवैध वनोपज परिवहन के खिलाफ सख्त कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में वन विभाग द्वारा वाहन सीतापुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढोंढ़ागांव ठेठेटांगर की ओर से पत्थलगांव वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम बालाझर की दिशा में जा रहे वाहन की तलाशी के दौरान सेमल प्रजाति के कुल 105 नग जप्त कर कार्यवाही की गई है। वनमण्डलाधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार सघन गश्त एवं निगरानी अभियान के तहत दरम्यानी 20 दिसम्बर 2025 को रात्रि लगभग 1 बजे एक आईशर ट्रक क्रमांक सीजी 4 पीएस 3426 को रोका गया। वाहन सीतापुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढोंढ़ागांव ठेठेटांगर की ओर से पत्थलगांव वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम बालाझर की दिशा में जा रहा था। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें सेमल प्रजाति के कुल 105 नग लट्ठे बिना किसी वैध अनुमति पत्र अथवा परिवहन पास के लोड कर अवैध रूप से परिवहन करते हुए पाए गए। वाहन चालक बसंत सिंह परिहा निवासी चकरभाठा, जिला बिलासपुर से पूछताछ करने पर उनके द्वारा वनोपज कटाई एवं परिवहन से संबंधित किसी भी प्रकार के वैध कागजात नहीं होना बताया गया। वन परिक्षेत्र पत्थलगांव के गश्ती दल द्वारा उक्त वाहन एवं उसमें लदी वनोपज को अवैध पाए जाने पर वन अधिनियम के अंतर्गत जब्त करते हुए वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। जब्त वाहन सहित वनोपज को अग्रिम कार्रवाई हेतु वन परिक्षेत्र पत्थलगांव लाया गया है। प्रकरण की विवेचना वन परिक्षेत्राधिकारी पत्थलगांव द्वारा की जा रही है।

# चोरी हुए 12 लाख के गहने जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

गणेश पूजा राखी पूर्णिमा और दशहरा के दौरान शहर के सेक्टर 19 और सेक्टर 7 थाना क्षेत्र से हुई सोने हीरे की चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है। गिरफ्तार आरोपी जमशेदपुर के शंख कुमार सिंह 45 और अंकित राज कुमार 21 हैं।

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने बालेनो कार में नकली नंबर प्लेट लगाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। उनकी स्वीकृति के आधार पर झारखंड से बड़ी मात्रा में सोने और हीरे के आभूषण बरामद किए गए। इसमें एक सोने की मंगलसूत्र, दो सोने की चेन, नौ सोने की मुद्राएं, चार जोड़ी कानफूल और एक हीरे की मुंदी शामिल है। बरामद आभूषणों का अनुमानित मूल्य लगभग 12 लाख रुपये बताया गया है। सेक्टर 19 थाना में ज़ोनल डीएसपी जोगेश पंडा ने सोमवार की शाम मीडिया से बातचीत में इसकी पुष्टि की। पुलिस ने कहा कि सभी बरामद



आभूषणों को उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा जाएगा। मामले की जांच जारी है। इस संबंध में पुलिस ने सेक्टर 19 और सेक्टर 7 थाना क्षेत्र में दर्ज एफआईआर के तहत आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस की प्रेस वार्ता में ज़ोन 1 डीएसपी योगेश्वर पांडा, सेक्टर.19 थाना आईआईसी रंजन कुमार नायक, एसआई राजेश बेहेरा, सेक्टर थाना आईआईसी रविंद्र पात्र, एसआई रंजीत कुमार प्रधान और एएसआई रंजीता सामल मौजूद थे।

# जिले में ग्रामीण विकास को मिली डिजिटल गति, युक्तधारा पोर्टल से जीआईएस आधारित पंचायत प्लानिंग की शुरुआत

**रायगढ़।** राज्य शासन की मंशा के अनुरूप रायगढ़ जिले में ग्रामीण विकास को अधिक पारदर्शी, वैज्ञानिक और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के अंतर्गत विकसित युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से जिले में जीआईएस आधारित ग्राम पंचायत प्लानिंग की शुरुआत कर दी गई है। इस नवाचार से ग्राम पंचायत स्तर पर योजनाओं के निर्माण, परीक्षण और अनुमोदन की प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल एवं भू स्थानिक तकनीक से जुड़ गई है।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने बताया कि इस डिजिटल पहल से युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से की जा रही जीआईएस आधारित प्लानिंग से कार्यों की दूरदर्शी योजना संभव हो सकेगी। कार्यस्थल पहले से चिन्हित होने के कारण भूमि विवाद नहीं होंगे और योजनाओं का लाभ वास्तविक



जरूरतमंदों तक पहुंचेगा। रायगढ़ जिले के सभी 7 विकासखंडों में तकनीकी अमले द्वारा इस दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। प्रत्येक विकासखंड की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं के माध्यम से प्रस्तावित कार्यों का अनुमोदन सुनिश्चित किया जा रहा है। योजना निर्माण में भू स्थैतिक विश्लेषित कार्य एवं गैर भू स्थैतिक विश्लेषित कार्य के संतुलन को विशेष रूप से ध्यान में रखा जा रहा है जिससे क्षेत्र की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप योजनाएं तैयार हो सकें।

जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे ने बताया कि युक्तधारा पोर्टल की विशेषता यह है कि इसमें भौगोलिक योजना निर्माण, क्षेत्र उपचार योजना, पंचायत से लेकर विकासखंड स्तर तक ऑनलाइन स्वीकृति प्रक्रिया तथा नरेगा सॉफ्ट के साथ पूर्ण एकीकरण किया गया है। तकनीकी सहायकों की टीम क्लस्टर आधारित स्थल चयन के पश्चात ग्राउंड ट्रुथिंग कर जियो फेंसिंग, फोटोग्राफ, मानचित्र एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यों को पोर्टल पर अपलोड कर रही है। इस डिजिटल व्यवस्था से ग्राम पंचायत स्तर पर पूर्ण पारदर्शिता, योजनाओं में अनियमितता पर प्रभावी रोक तथा शासकीय धन के सही उपयोग को सुनिश्चित किया जा सकेगा।

# वैदिक इंटरनेशनल स्कूल में मना वार्षिकोत्सव

**रायगढ़।** वैदिक इंटरनेशनल स्कूल, रायगढ़ में आयोजित वार्षिकोत्सव शिक्षा, संस्कृति और रचनात्मकता का भव्य उत्सव बनकर उभरा। हर्षोल्लास और उत्साह से परिपूर्ण इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक एवं रंगीन सजावट से सुसज्जित किया गया। विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में रायगढ़ नगर निगम के महापौर माननीय जीवर्धन चौहान उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में तरुण धर दीवान, रजिस्ट्रार, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ तथा दीपक सिदार, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत रायगढ़ ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत 'कर हर मैदान फतेह', 'नवदुर्गा', 'गणेश वंदना' तथा भारत के 10 राज्यों के लोकनृत्यों सहित अनेक मनमोहक और संदेशात्मक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नृत्य, संगीत, नाट्य प्रस्तुतियाँ और जीवंत झांकियाँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। सामाजिक संदेश से ओतप्रोत नाटक को





दर्शकों से विशेष सराहना प्राप्त हुई। अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मक सोच को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अर्पिता गुप्ता ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में विद्यालय की निरंतर प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण तथा अभिभावकों के सहयोग को विद्यालय की सफलता की आधारशिला बताया। समारोह के समापन अवसर पर शैक्षणिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात अतिथियों एवं अभिभावकों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर विद्यालय की वार्षिक पत्रिका (मैगज़ीन) का भी विमोचन किया गया, जिसमें वर्षभर की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के साथ विद्यार्थियों की उपलब्धियों और रचनात्मक कार्यों को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया गया है। विद्यालय के चेयरमैन आनंद अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि वार्षिकोत्सव जैसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं तथा शिक्षा के साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों का संतुलन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों के अमूल्य समय, निरंतर सहयोग एवं विद्यालय पर किए गए विश्वास के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# आरएमएस श्रमिकों का सच्चा हितैषी : नायक

**राउरकेला।** राउरकेला मजदूर सभा की बरसुआं लौहखदान शाखा द्वारा 19 दिसंबर की शाम बरसुआं लौहखदान कार्यालय, टेंसा परिसर में संगठन का 70वां स्थापना दिवस समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर आयोजित कर्मी सम्मेलन को संबोधित करते हुए सभा के अध्यक्ष शशधर नायक ने कहा कि राउरकेला मजदूर सभा विगत सात दशकों से इस्पात संयंत्रों एवं खदानों में कार्यरत श्रमिकों और कर्मचारियों के अधिकारों एवं हितों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती आ रही है। उन्होंने संगठन को मजबूती प्रदान करने वाले दिवंगत नेताओं के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के प्रारंभ में दिवंगत नेताओं के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। समारोह का संचालन महा सचिव राजेश बेहेरा के संयोजन में संपन्न हुआ। मंच पर उपाध्यक्षगण सिद्धेश्वर बल, प्रमोद कुमार दास, पतितपावन जेना, पांडब चंद्र माझी तथा कोषाध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार बेहेरा उपस्थित रहे और उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठनात्मक एकता पर बल दिया। कार्यक्रम श्रीमती निर्मला बेहेरा ने उपस्थित कर्मियों, पदाधिकारियों, बरसुआं लौहखदान शाखा के कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों का स्वागत किया। महासचिव राजेश बेहेरा ने वर्षभर बरसुआं एवं तालडिही लौहखदानों में कार्यरत स्थायी एवं ठेका श्रमिकों की समस्याओं के समाधान में मजदूर सभा की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा आगामी वर्ष की कार्ययोजना को सफल बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपील की। स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रीतिरिखा परिडा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

## खबर संक्षेप



### पठियापाली में टेनिस बॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**मड़वारानी।** करतला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पठियापाली (भांठापारा) में जूनियर क्लब टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मैच के उद्घाटन के अवसर पर करतला जनपद अध्यक्ष श्रीमती अशोका कंवर उपस्थित रही जिन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों के साथ श्रीफल तोड़कर एवं फीता काटकर क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। जनपद अध्यक्ष ने टॉस कराकर मैच प्रारंभ कराया। इस दौरान ग्राम पंचायत पठियापाली के सरपंच श्रीमती त्रिवेणी गेंदराम कंवर एवं अन्य जनतिनिधिगण उपस्थित रहें। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती अशोका कंवर ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए खेल भावना के साथ खिलाड़ी के कर्तव्यों का पालन करते हुए प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग को अच्छे स्वास्थ्य के लिए नियमित खेलकूद पर ध्यान देना चाहिए वहीं ग्रामीणों के लिए अच्छा मनोरंजन का साधन भी है।

### विनायक पब्लिक स्कूल बांकीमोंगरा में मनाया गया वार्षिकोत्सव



**कोरबा।** विनायक पब्लिक स्कूल बांकीमोंगरा में विद्यालय का चतुर्थ वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा रहीं। समारोह का शुभारंभ उनके द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां दीं। देशभक्ति गीत एवं नृत्य ने दर्शकों में जोश और उत्साह भर दिया। समारोह के दौरान शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों तथा खेलकूद व अन्य गतिविधियों में अव्वल रहे छात्रों को मुख्य अतिथि श्रीमती सोनी विकास झा एवं अन्य अतिथियों के हाथों सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि झा ने विद्यालय के अनुशासन, शिक्षण व्यवस्था और विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ ऐसे सांस्कृतिक आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

### श्रीगुरु हरकिशन पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव का हुआ आयोजन

**कोरबा।** श्रीगुरु हरकिशन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री सुश्री रितु चौरसिया उपस्थित रहीं। सांस्कृतिक महाकुंभ में स्कूली बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छत्रपति शिवाजी और संभाजी पर आधारित ऐतिहासिक नाटक रहा, जिसने दर्शकों में जोश भर दिया। वहीं देवों के देव महादेव की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय कर दिया। विद्यार्थियों ने पंजाबी, राजस्थानी, कश्मीरी और छत्तीसगढ़ी लोक नृत्यों के माध्यम से मिनी इंडिया की तस्वीर पेश की, जिसकी दर्शकों ने खूब सराहना की। रंगारंग कार्यक्रमों की श्रृंखला में छोटे बच्चों द्वारा दी गई रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों और हास्य कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों को हंसने पर मजबूर कर दिया।

### शिक्षक फेडरेशन में हुए शामिल सर्व शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं सैकड़ों सदस्य

कोरबा। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय अध्यक्ष रवींद्र कुमार राठौर के कुशल मार्गदर्शन में प्रांतीय महासचिव तरुण वैष्णव एवं प्रदेश महामंत्री नोहर चन्द्रा के निर्देशन पर जिला अध्यक्ष विनोद सांडे के नेतृत्व में विपिन यादव ने अपनी पूरी टीम के साथ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन की सदस्यता ग्रहण की। इनके फेडरेशन में शामिल होने से सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन कोरबा पहले से और ज्यादा मजबूती के साथ कार्य करेगा।

# वन नेशन वन एजुकेशन अंतर्गत शिक्षकों ने सीखा नवाचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अलग खबर

सेजस मदनपुर रजकम्मा हाई स्कूल में एफएलएन अंतर्गत पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन अतिथि व्याख्याता विनोद जायसवाल, प्रशिक्षण प्रभारी अनिल जगत, जीवन सिंह मरकाम, पवन पैकरा, मनोहर पैकरा, ओंकार साहू, कुमुदिनी राम की उपस्थिति में किया गया।

समूचे राष्ट्र के लिए तैयार एकीकृत नवीन पाठ्यपुस्तक की बुनियादी भाषा और संख्या ज्ञान की बारीकियों एवं बच्चों को प्रभावी ढंग से पढ़ाने के लिए शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण रखा गया था। प्रथम दिवस एफएलएन की अवधारणा एवं एनसीईआरटी की पुस्तकों से परिचय द्वितीय दिवस एलएसआर डब्ल्यूइ एल पी एस एंड प्रैक्टिकल सेशन, तृतीय दिवस आकलन एवं मूल्यांकन तकनीक के ज्ञान अन्तर्गत मासिक अर्द्धवार्षिक, वार्षिक मूल्यांकन, चतुर्थ दिवस कार्ड बेस्ट ट्रेनिंग सह प्रैक्टिकल सेशन पंचम दिवस निपुण भारत मिशन और भविष्य की रणनीति पर प्रशिक्षक श्रद्धा शर्मा, पुष्पलता भार्गव, राजकुमारी साहू एवं यामिनी दुबे ने बखूबी प्रकाश डालते हुए मनोरंजक वातावरण प्रदान किया। प्रशिक्षण की सतत मॉनिटरिंग डाइट से पाली ब्लॉक प्रभारी जसप्रीत फ़्लोरा, नवीन पाठ्यपुस्तक डीआरजी ज्योति श्रीवास, उत्तरा साहू, लव कुमार चौहान विकासखंड पाली से सहायक खंड शिक्षाधिकारी मनीराम मरकाम, बीआरसी आरजी जायसवाल के द्वारा की गई। विभिन्न संकुल से पहुंचे शिक्षकों ने अपने प्रतिवेदन में बताया कि प्रशिक्षण अत्यंत प्रभावशाली रहा। अंतिम में पारंपरिक नृत्य राउत नृत्य,पंथी नृत्य,सुवा नृत्य की सुंदर प्रस्तुति से सभी अभिभूत हुए। कार्यक्रम का संचालन रवि चंद्रा ने एवं आभार जीवन सिंह मरकाम ने किया।

## रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ पांच दिवसीय प्रशिक्षण

**खास बातें**

- बच्चों को प्रभावी ढंग से शिक्षित करने दिया गया प्रशिक्षण
- हर ब्लॉक में चलेगा प्रशिक्षण कार्यक्रम



## मनरेगा का नाम बदलने को लेकर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

# मनरेगा की जगह नए कानून से गरीबों के रोजगार छीनने का मंडराया खतराः कंवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा द्वारा रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय के समक्ष बैठक आयोजित कर केन्द्र की भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर ने बताया कि केन्द्र की भाजपा सरकार मनरेगा की जगह नया कानून लाकर व्हीबी जी राम जी कर दिया है। इस नये कानून से गरीबों के रोजगार के अधिकार छीन जाने का खतरा मंडरा रहा है। जबकि रोजगार के अधिकार मनरेगा के तहत करोड़ों ग्रामीण परिवारों को रोजगार मिलता था।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के जिला अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम की जगह विकसित भारत जी राम जी करते हुए इस योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने का काम किया गया है। श्री चौहान ने कहा कि लगभग 20 वर्ष पहले पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह ने क्रांतिकारी कदम उठाते हुए रोजगार के अधिकार योजना मनरेगा योजना को धरातल पर उतारा था। जिसका फायदा आर्थिक रूप से कमजोर करोड़ों ग्रामीण परिवारों को मिलते आ रहा था, पर मोदी सरकार को गरीब ग्रामीणों के रोजी-रोजी से तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से कोई सरोकार नहीं रहा है। पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी ने कि कि मनरेगा योजना महात्मा गांधी के स्वराज के सपने का जीवंत रूप था। करोड़ों ग्रामीणों की जिंदगी का सहारा बना हुआ था। यह योजना कोविड काल में भी ग्रामीणों के लिए आर्थिक सुरक्षा कवच साबित हआ था। मगर भाजपा सरकार को यह योजना पसंद नहीं आया, मोदी सरकार इस योजना का नामो-निशान मिटाने पर अमादा है। विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदेश कांग्रेस सचिव विकास सिंह, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गजानंद साहू, अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष नारायण कुर्रे, सेवादल अध्यक्ष प्रदीप पुरायणे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, पूर्व सभापति धुरपाल सिंह कंवर, इंटक पदाधिकारी मनहरण राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर, बसंत चंद्रा, पार्षद बद्री किरण, गीता गभेल, अनुज जायसवाल, सुभाष राठौर, अविनाश प्रेमलता बंजारे, पूर्व पार्षद मनीष शर्मा, मनकराम साहू, मस्तुल कंवर, सुरती कुलदीप, देवीदयाल सोनी, प्रदीप जायसवाल, संतोष लांझेकर, जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष डॉ.एलपी साहू, जवाहर निर्मलकर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता लक्ष्मीनारायण देवांगन, ए डी जोशी, जे पी नामदेव, सचिव प्रमोद श्रीवास, गुड्डु थवाईत, एफ डी मानिकपुरी, पोषक दास महंत, भुनेश्वरी दास, राजेश्वर प्रसाद यादव, शांता मंडावे, द्रोपती तिवारी, संजू अग्रवाल, सुरेश पटेल, प्रवीण ओगरे, अमीन अंसारी, डॉ. डीआर नेताम सहित उपस्थित सभी कांग्रेसजनो ने एक स्वर में इस जनविरोधी बिल का विरोध किया और कहा कि आने वाले दिनों में हम गांव की गलियों से सांसद तक विरोध के आवाज बुलंद करेंगे। जैसे तीन काले कानून को मोदी सरकार वापस लेने को मजबूर हुए थे ठीक वैसे ही इस कानून को भी वापस लेने के लिए मोदी सरकार को मजबूर कर देंगे। कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया, नमन किया गया तत्पश्चात बैठक की कार्यवाही प्रारंभ किया गया। बैठक के अंत में सभी कांग्रेसजनों ने सड़क पर उतरकर आंदोलन करते हुए सरकार के विरूद्ध नारेबाजी की।



विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

### महात्मा गांधी के विचारों से भाजपा को नफरतः सुरेन्द्र

इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने कहा कि मनरेगा का नाम बदलने से लगता है कि महात्मा गांधी के विचारों से और गरीबों के अधिकारों से मोदी सरकार को नफरत हो गई है, जो योजना करोड़ों गरीब ग्रामीणों के लिए रीढ़ की हड्डी की तरह कारगार हो ऐसे लोक कल्याणकारी योजना के साथ छेड़छाड़ किया जाना यही सिद्ध करती है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर ने कहा कि यह नया बिल महात्मा गांधी के आदर्शों का अपमान है। मोदी सरकार ने पहले ही भयंकर बेरोजगारी से भारत के युवाओं का भविष्य तबाह कर चुके हैं और इस बिल से करोड़ो ग्रामीण गरीबों की सुरक्षित रोजी-रोटी को खत्म करने का जरिया बना रहे हैं।

# तेज रफ्तार स्कूटी हुई अनियंत्रित एक किशोर की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो छात्र अपनी स्कूटी में सवार होकर अपने गांव से समीप के गांव घूमने गए हुए थे जहां से वापस लौटने के दौरान उनकी तेज रफ्तार स्कूटी वाहन अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिर गए। हादसे में दोनों को गंभीर चोटें आयी थी जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान एक छात्र की मौत हो गई है, जबकि दूसरे का उपचार चल रहा है।

**खास बातें**

- करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बांदापाली का मामला
- दोनों गांव के समीप स्थित पीड़िया गए थे, जहां से लौटते समय हुई घटना

मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बांदापाली निवासी कमलेश रठिया 15 वर्ष पिता झंडा सिंह राठिया और उसका दोस्त विकेश रठिया विगत दिनों अपनी स्कूटी में सवार होकर अपने गांव के सीमा पर स्थित ग्राम पीड़िया गए हुए थे जहां से वापस लौटने के दौरान बीच रास्ते में ग्राम तुर्री कटरा के समीप उनकी स्कूटी वाहन अनियंत्रित हो गई और दोनों मोटरसाइकिल से नीचे गिर पड़े थे जिसके बाद कमलेश रठिया और विकेश रठिया को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। रविवार को इलाज के दौरान कमलेश रठिया की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर जांच शुरु कर दिया है।

### सड़क हादसे में घायल दूसरे व्यक्ति की मौत

कटघोरा थाना क्षेत्र के तानाखार मार्ग पर शनिवार को सड़क हादसा हुआ था। एक अल्टो कार और डीजल टैंकर की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि अल्टो कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। हादसे में कार चला रहे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि हादसे में चार लोग गंभीर रुप से घायल हो गए थे, जिन्हें उपचार के लिए बिलासपुर रेफर किया गया था। बताया जाता है कि रविवार को हादसे में गंभीर रुप से घायल सूरजपुर निवासी तौकीर खान उम्र 24 वर्ष की भी इलाज के दौरान बिलासपुर में मौत हो गई है। जबकि एक व्यक्ति की शनिवार को मौत हो गई थी। इस मामले को लेकर कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि दूसरे व्यक्ति की मौत की अधिकृत पुष्टि नहीं हुई है। मर्ग डायरी आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

# चरित्र सत्यापन के नाम पर रिश्वत की डिमांड, प्रधान आरक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ एक प्रधान आरक्षक ने चरित्र सत्यापन के नाम पर एक युवक से रकम की डिमांड की थी। शिकायत सामने आते ही पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रिश्वत मांगने वाले प्रआर को निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ढोढ़ीपारा निवासी दीपक साहू 21 वर्ष पिता गौरीशंकर साहू ने लिखित में शिकायत की थी कि चरित्र सत्यापन प्रतिवेदन के नाम पर कार्यालय में उपस्थित एक व्यक्ति के द्वारा उनसे एक हजार रूपये की मांग की गई है, जिसे देखकर पहचान लेगा, लेख किया गया है। शिकायत की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए शिकायत पत्र की जांच उप निरीक्षक प्रमोद चंद्राकर से कराई गई। जांच के दौरान दीपक ने अपने कथन में बताया कि चरित्र सत्यापन के नाम पर डीएसबी शाखा में पदस्थ प्रआर सूर्यकांत द्विवेदी के द्वारा एक हजार रूपये की मांग की गई है। प्रआर सूर्यकांत द्विवेदी जो कि अनुशासित विभाग का सदस्य है। विभागीय नियमों, निर्देशों की भलीभांति जानकारी होने के बावजूद भी चरित्र सत्यापन कार्य में अवैध रकम की मांग करना पुलिस सेवा आचरण नियम के प्रतिकूल, कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता, कर्तव्यविमुखता, स्वेच्छाचारिता एवं संदिग्ध कार्यशैली प्रदर्शित करने के लिये प्रआर सूर्यकांत द्विवेदी को निलंबित कर दिया गया है।

**खास बात**

- सीएसईबी चौकी क्षेत्र के ढोढ़ीपारा निवासी युवक ने की शिकायत

# न्याय पाने की आस में भूविस्थापितों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

औद्योगिक प्रगति की चकाचौंध के बीच अपने पूर्वजों की जमीनों से बेखर हजारों परिवारों की पीड़ा एक बार फिर प्रशासन के द्वार तक पहुंची है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के कार्यभार संभालते ही ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर जिले के भूविस्थापितों की दशकों पुरानी लंबित समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।



कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते भूविस्थापित।

उल्लेखनीय है कि कि एसईसीएल, एनटीपीसी, सीएसईबी और बालको जैसे बड़े औद्योगिक घरानों की स्थापना के लिए स्थानीय ग्रामीणों और आदिवासियों ने अपनी पूर्वजों की पैतृक भूमि का त्याग किया था। समिति ने कलेक्टर को अवगत कराया कि वर्तमान में यह परिवार न केवल अपनी पहचान खो चुके हैं, बल्कि रोजगार, उचित पुनर्वास और बुनियादी नागरिक सुविधाओं (बसाहट) के अभाव में एक अनिश्चित भविष्य से जूझ रहे हैं। समिति ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि विस्थापन से संबंधित जटिल शिकायतों की त्वरित समीक्षा के लिए एक विशेष सेल का गठन किया जाए। इसके साथ ही प्रभावितों की सीधी सुनवाई के लिए विशेष जनसुनवाई आयोजित करने का भी प्रस्ताव दिया गया है। समिति का मानना है कि जिला प्रशासन को औद्योगिक प्रबंधनों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर विस्थापितों को उनका वाजिब हक दिलाना चाहिए। समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने कहा कि मूलभूत अधिकारों और सुविधाओं के अभाव में जिले के आदिवासियों, पिछड़े वर्गों और विशेष रूप से युवाओं के बीच गहरा आक्रोश पनप रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नए जिलाधीश के संवेदनशील और कुशल नेतृत्व में न केवल जिले का विकास होगा, बल्कि विकास की बलि चढ़े मूल निवासियों को भी न्याय मिलेगा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में विजयपाल सिंह तंवर, रुद्रदास महंत, अनुसुईया राठौर, संतोष कुमार चौहान, श्रीकांत सोनकर एवं ललित महिलांगे सहित अन्य उपस्थित रहे।

### महुआ पेड़ से गिरकर अधेड़ की मौत

**कोरबा।** विगत दिनों एक अधेड़ व्यक्ति महुआ पेड़ पर लकड़ी काटने के लिए चढ़ा हुआ था। जहां पैर फिसलने की वजह से पेड़ उपर से नीचे गिर गया जिससे उसे गंभीर चोट लगी। परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिला सक्ति के नगरदा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरपाली कला निवासी सुरेश कुमार 41 वर्ष पिता रमेशलाल सिदार 17 दिसंबर की दोपहर गांव के समीप स्थित महुआ पेड़ पर लकड़ी काटने के लिए चढ़ा हुआ था। जहां लकड़ी काटने के दौरान उसका पैर फिसल गया और वह ऊंचाई से नीचे गिर गया। परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था जहां इलाज के दौरान सुरेश कुमार की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कोरबा विधानसभा स्तरीय संगठनात्मक बैठक सम्पन्न

# भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी, हर कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ः केशरवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है, जहाँ प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत करना होगा। केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुँचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उक्त बातें जिला संगठन प्रभारी अनिल केशरवानी ने कोरबा विधानसभा स्तरीय संगठनात्मक बैठक के दौरान कही। यह बैठक जिले के नवनियुक्त जिला संगठन प्रभारी अनिल केशरवानी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। बैठक में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, जिला सह प्रभारी ब्रजेन्द्र शुक्ला, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत एवं पूर्व महापौर जोगेश लांबा उपस्थित रहे। इस दौरान उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की ओर तेज़ी से बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों के लिए वरदान है। सभी कार्यकर्ता स्वयं इस योजना का लाभ लें और आम जनता को भी प्रेरित करें, जिससे बिजली बिल में राहत के साथ स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिले। भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र सेवा की भावना से कार्य करता है। संगठनात्मक एकजुटता, अनुशासन और निरंतर जनसंपर्क ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। कोरबा विधानसभा में भाजपा को और सशक्त बनाने के लिए सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से जुटे रहें। जिला सह प्रभारी ब्रजेन्द्र शुक्ला ने कहा कि संगठन की मजबूती बूथ स्तर पर सक्रियता से आती है। कार्यकर्ताओं को नियमित बैठक, प्रशिक्षण और जनसंवाद के माध्यम से जनता के बीच सरकार की उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना होगा। बैठक में एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल, अशोक चावलानी, जिला महामंत्री संजय शर्मा, जिला उपाध्यक्ष योगेश जैन, अजय विश्वकर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अजय पांडेय, लक्की नंदा, प्रफुल्ल तिवारी, नवीन अरोरा, कमला बरेठ, अर्जुन गुप्ता, शैलेन्द्र यादव, अजय चन्द्रा, मंडल अध्यक्ष योगेश जैन, डिलेन्द्र यादव, डॉ. राजेश राठौर, मनोज लहरे, मनीष मिश्रा, प्रीति स्वर्णकार, सरजू अजय, प्रदीप सिंह, उदय श्रीवास्तव, नीरज ठाकुर, राकेश नागरमल अग्रवाल, सूरज पांडेय, प्रकाश अग्रवाल, राजेश लहरे एवं संजीव कुमार शर्मा सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान उपस्थित अतिथि एवं भाजपा पदाधिकारी।

# सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर अभियान का हुआ आयोजन

**बरपाली।** भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग के तत्वावधान में सुशासन सप्ताह– प्रशासन गांव की ओर अभियान का आयोजन 19 से 25 दिसंबर तक किया जा रहा है।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य केन्द्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी से सुशासन को सुदृढ़ करना तथा ग्रामीण स्तर पर नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है तथा सभी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर जनता को जागरूक करना है। इसी तारतम्य में जिले के सभी जनपदों में जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में प्राप्त शिकायतों, मांगों एवं उनके निराकरण की जानकारी प्रतिदिन पोर्टल पर दर्ज की जाएगी। जनपद पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले इन शिविरों के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सभी शिविरों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किए जाने के निर्देश भी दिए गए हैं। सीईओ जिला पंचायत कोरबा दिनेश कुमार नाग ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निर्धारित तिथियों में शिविरों का आयोजन सुनिश्चित करें तथा प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करते हुए इस कार्यालय को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं।

**खबर संक्षेप**

### 23 को प्लेसमेंट कैम्प 126 पदों पर होगी भर्ती

**रायगढ़।** निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में 23 दिसम्बर को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा के साथ उपस्थित होकर कैम्प में भाग ले सकते हैं।
जिला रोजगार अधिकारी रायगढ़ ने बताया कि इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से कुल 126 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें पेरेनियल टेक्नोलॉजीज प्रालि बावधन पुणे महाराष्ट्र में डीजी ऑपरेटर एवं सर्विस इंजीनियर के पद शामिल हैं। इसके अतिरिक्त एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायगढ़ में डेवलपमेंट मैनेजर, सेल्स ऑफिसर, बिजनेस एसोसिएट एवं लाइफ मित्र के पदों पर भर्ती की जाएगी। वहीं मे. जैन एसोसिएट एंड इंटरप्राइजेज, रायगढ़ में इलेक्ट्रीशियन एवं वेल्डर के रिक्त पदों के लिए भी चयन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी जिला रोजगार कार्यालय, रायगढ़ में संपर्क कर सकते हैं।

### पुसौर में संगवारी जेंडर समाधान केंद्र का शुभारंभ

**रायगढ़।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत संचालित नई चेतना 4.0 जेंडर अभियान के तहत जिले के पुसौर विकासखंड के गढ़उमरिया पंचायत में जेंडर रिसोर्स सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया गया। राज्य शासन के मंशानुरूप कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश एवं जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन समस्त ग्राम संगठन एवं स्व सहायता समूहों के पदाधिकारियों तथा विभिन्न कैडर की सहभागिता से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पुसौर के जनपद अध्यक्ष श्रीमती हेमलता चौहान, श्रीमती भाग्यवती डोलनारायण नायक, सदस्य जिला पंचायत रायगढ़ तथा शशीप्रभा भारद्वाज, सदस्य जनपद पंचायत पुसौर उपस्थित रही। कार्यक्रम में एफएलसीआरपी, आरबीके, बैंक मित्र, बीसी सखी, एक्टिव वूमन, बीआरपी, कृषि सखी, पशु सखी, बीडीएसपी, कृषि उद्यमी एवं पशु उद्यमी सहित समस्त कैडर उपस्थित रहे। सभी ने अपने अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया गया। इसके पश्चात बैंक चौक से जेंडर रिसोर्स सेंटर तक रैली निकाली गई, जिसमें 500 से अधिक महिलाओं ने सहभागिता कर महिला सशक्तिकरण एवं जेंडर समानता का संदेश दिया।
इस अवसर पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। बीआरपी द्वारा रंगोली के माध्यम से लिंग भेदभाव के विरुद्ध जागरूकता संदेश दिया गया। लूडो खेल के माध्यम से जेंडर विषयक जानकारी को सरल एवं रोचक रूप में प्रस्तुत किया गया तथा उपस्थितजनों को जेंडर शपथ दिलाई गई। मुख्य वक्ता द्वारा महिलाओं के लिए बनाए गए कानूनों, अधिकारों एवं संरक्षण से संबंधित प्रावधानों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में चारों क्लस्टर की कैडर टीम, पीआरपी, क्षेत्रीय समन्वयक, जनपद से आए अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुलमित्रा, एडीईओ अमित तथा समस्त कार्यान्वयन अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अंतर्गत नृत्य, नाटक एवं स्वरचित कविता की प्रस्तुति दी गई।

### पानी के बीच पिकनिक लापरवाही पर उठे सवाल

**राउरकेला।** ब्राह्मणी नदी पर स्थित तरकेरा डैम एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ है। डेली मार्केट निवासी राजकुमार महतो अपने मित्र जरीब और एक अन्य दोस्त के साथ तरकेरा डैम घूमने पहुंचे थे। राजकुमार और जरीब पानी में नहा रहे थे, जबकि उनका साथी बाहर खड़े होकर रील वीडियो बना रहा था। इसी दौरान तेज जलधारा में बह जाने से दोनों युवकों की मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना ने एक बार फिर तरकेरा डैम की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बीते मई और नवंबर में भी यहां दो छात्रों की जान जा चुकी है।

## राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान शुरू, जिले में 1.79 लाख बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य

# महापौर व सभापति ने बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के अंतर्गत रविवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, इंदिरा नगर मोदीनगर में अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में महापौर जीवर्धन चौहान, नगर निगम के सभापति डिग्री लाल साहू द्वारा नवजात शिशुओं को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाकर अभियान की विधिवत शुरुआत की गई। अभियान का उद्देश्य देश एवं प्रदेश को पूर्णतः पोलियो मुक्त बनाए रखना है। अभियान के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विस्तृत सूक्ष्म कार्ययोजना तैयार की गई है।

इस अवसर पर महापौर श्री चौहान ने कहा कि भारत को पोलियो मुक्त बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर बल दिया कि शून्य से पाँच वर्ष आयु वर्ग का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। दो बूंद जिंदगी के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को समय पर पोलियो की दवा पिलाना समाज और राष्ट्र के सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बीपी पटेल ने बताया कि राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत रायगढ़ जिले में 21 दिसंबर से तीन दिवसीय अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत शून्य से 05 वर्ष आयु वर्ग के 1 लाख 79 हजार 959 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिलेभर में 1307 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। प्रथम दिवस बूथ स्तर पर टीकाकरण किया जा रहा है, जबकि द्वितीय एवं तृतीय दिवस स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी। अभियान की व्यापक जानकारी एवं जनसहभागिता सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में कोटवारों द्वारा मुनादी कराई जा रही है। अभियान के दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन अपने अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही विभिन्न स्वयंसेवी एवं समाजसेवी संस्थाओं के कार्यकर्ता भी अभियान को सफल बनाने में सहयोग कर रहे हैं।





**भीषण ठंड के बावजूद दिखा जनसहभागिता का उत्साह**

सुबह सुबह कड़ाके की ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में अभिभावक अपने छोटे बच्चों को लेकर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। अभिभावकों में पोलियो के प्रति जागरूकता और बच्चों के स्वस्थ भविष्य को लेकर विशेष उत्साह देखा गया, जिससे अभियान को सफल बनाने में जनसहभागिता का सकारात्मक संदेश मिला। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद त्रिवेणी डहरे, महेश सिंह, राज्य सलाहकार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन रायपुर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा, नोडल अधिकारी डॉ.राजेश मिश्रा, विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ. प्रशांत, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. सोनाली मेश्राम, डॉ. सेमतिका शर्मा, उमा महंत, चोलेश्वर सिंह पटेल, हलधर यादव, सुनील पटेल सहित मितानिन दीदियाँ, स्वास्थ्य केंद्र के समस्त स्टाफ, स्वास्थ्यकर्मी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# आशियाना गंवाने वालों का आरएमसी पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

कड़ाके की ठंड में मानटोला से आर एम सी ने अतिक्रमण तो हटा दिया, लेकिन 50 से अधिक ऐसे लोग अभी भी है,जिन्हें घर नही मिला और वे महीने भर से खुले आसमान के नीचे रह रहे है। सोमवार को न्याय से वंचित मानटोला के लोगों ने आर एम सी के समक्ष प्रदर्शन किया। निगम आयुक्त से वार्ता में सर्वे व न्याय का भरोसा मिला है। बता दें की सिविल टाउनशिप स्थित मानटोला बस्ती के लोगो के बीच पीएम आवास आवंटन को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। बस्तीवासियों का आरोप है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों की सूची में बाहरी लोगों से पैसे लेकर नाम जोड़ने और वास्तविक विस्थापितों के नाम हटाने का खेल किया गया है।

■ वार्ता में निगम आयुक्त से मिला सर्वे व न्याय का भरोसा

बस्तीवासियों के अनुसार, विकास कार्यों के नाम पर राउरकेला महानगर निगम द्वारा मानटोला बस्ती को ध्वस्त कर दिया गया था। उस समय निगम की ओर से यह आश्वासन दिया गया था कि पुनर्वास किए बिना किसी भी बस्तीवासी को नहीं हटाया जाएगा। लेकिन बाद में जारी लाभार्थी सूची में कई वास्तविक बस्तीवासियों के नाम बिना कारण काट दिए गए। कुछ लोगों का कहना है कि पहले और दूसरे सूची में उनका नाम शामिल था, लेकिन बाद में उन्हें आवास योजना से वंचित कर दिया गया। वहीं, कई परिवारों का यह भी आरोप है कि उनका सर्वे ही नहीं किया गया। इन कथित अनियमितताओं के कारण अब भी करीब 50 परिवारों को आवास नहीं मिल पाया है। छोटे-छोटे बच्चों के साथ ये परिवार कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं, जिससे उनकी परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि राउरकेला महानगर निगम के कुछ अधिकारी, आरडीए के एक जेई तथा स्थानीय आंगनवाड़ी कर्मी आपसी मिलीभगत से बाहरी लोगों से पैसे लेकर लाभार्थी सूची में नाम जोड़ने और हटाने का कार्य कर रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए कुछ समाजसेवी विस्थापित परिवारों के साथ महानगर निगम आयुक्त से मुलाकात कर समस्या रखी। वार्ता के बाद निगम आयुक्त दीना दास्तगीर ने हर संभव सहायता का आश्वासन देते हुए दो दिनों के भीतर पुनः सर्वे कराने का निर्देश दिया।

# शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**रायगढ़।** नई शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के अंतर्गत विकासखंड रायगढ़ की प्राथमिक शालाओं में कक्षा पहली, दूसरी एवं तीसरी का अध्यापन करने वाले शिक्षकों के लिए नवीन पाठ्य पुस्तकों एवं शिक्षण योजना पर आधारित पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 15 से 20 दिसंबर तक सफलतापूर्वक किया गया।

■ नैतिक शिक्षा व बाल केंद्रित शिक्षण पर दिया गया विशेष जोर

यह प्रशिक्षण कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश तथा जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.केवी राव एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय पटेल एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मनोज अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम विकासखंड के चार चयनित केंद्रों प्राथमिक शाला ननसिया, माध्यमिक शाला जुर्डा, प्राथमिक शाला कोतरा एवं माध्यमिक शाला उर्दना में सुचारु रूप से संचालित किया गया।
प्रशिक्षण का संचालन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाईट धर्मजयगढ़ से प्रशिक्षित एवं अनुभवी मास्टर ट्रेनर्स द्वारा किया गया। इनमें रोहित सिदार, पहलाद चौहान, श्रीमती शिव कुमारी कंवर, श्रीमती लता महंत, मीना सहित अन्य प्रशिक्षक शामिल रहे। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा शिक्षकों को नवीन पाठ्यपुस्तकों की अवधारणा, आधुनिक अध्यापन विधियाँ, गतिविधि आधारित शिक्षण, सीखने के परिणाम तथा सहायक एवं पूरक सामग्री के प्रभावी उपयोग पर व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों की उपस्थिति क्यूआर कोड आधारित प्रणाली से दर्ज की गई, जिससे पारदर्शिता एवं अनुशासन सुनिश्चित हुआ। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मनोज अग्रवाल ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्रारंभिक कक्षाओं में नैतिक शिक्षा, जीवन मूल्य, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सांस्कृतिक चेतना के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बच्चों में देश, समाज एवं संस्कृति के प्रति गर्व की भावना विकसित करना समय की आवश्यकता है और इसमें शिक्षक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### पिता की चिता पर ली कसम आज भी निभा रहे हैं चित्रभानु

**राउरकेला।** आधुनिक ओड़िया संगीत के महान कलाकार अक्षय महांति खोकाभाई के सुपुत्र चित्रभानु महांति आज भी अपने पिता की विरासत को पूरी निष्ठा से आगे बढ़ा रहे हैं। पिता की चिता के पास ली गई कसम जीवनभर उनके गीतों को जीवित रखने की को वे आज तक निभा रहे हैं। राउरकेला आए चित्रभानु ने कहा कि यह शहर उनके और उनके पिता दोनों के लिए खास रहा है। यहां के श्रोता कला और कलाकारों को गहरा सम्मान देते हैं। वर्ष 2003 में पहली बार राउरकेला आने के बाद से इस शहर से उनका भावनात्मक रिश्ता जुड़ गया। चित्रभानु के अनुसार बहुभाषी होने के बावजूद राउरकेला के लोगों के दिल में ओड़िया गीतों के लिए विशेष स्थान है। उन्होंने बताया कि राउरकेला पर आधारित एक लोकप्रिय गीत की रचना और गायन स्वयं अक्षय महांति ने किया था। युवाओं को संदेश देते हुए चित्रभानु ने कहा कि बिना साधना और अनुशासन के कोई भी सफलता संभव नहीं है।

# केसरवानी वैश्य समाज नगरसभा की आकस्मिक बैठक घरघोड़ा में सम्पन्न





**घरघोड़ा।** घरघोड़ा नगर में केसरवानी वैश्य नगर सभा घरघोड़ा के द्वारा दोपहर समय 3 बजे गायत्री मंदिर प्रांगण घरघोड़ा में नगर सभा अध्यक्ष मनीष केसरी के अध्यक्षता व मुख्य अतिथि निलेश गुप्ता महामंत्री छत्तीसगढ़ राज्य केसरवानी वैश्य प्रदेश सभा एवं उनके सहयोगी गण त्रिभुवन केसरवानी नगर अध्यक्ष कोरबा, सुरेंद्र गुप्ता वरिष्ठ अध्यक्ष कोरबा, विनोद केसरवानी संगठन मंत्री कोरबा का नगर में अपनी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि कश्यप के चित्र पर पुष्पांजली अर्पित कर दीप प्रज्वलन कर आरती से किया गया। उक्त बैठक में नगर अध्यक्ष कार्यकारिणी समिति एवं समस्त स्वजातीय बंधुओ द्वारा अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं माला से स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि निलेश के द्वारा अपने अनुभवों एवं समाज उत्थान में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का उल्लेख किया गया। उक्त सामाजिक कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत नगर सभा अध्यक्ष मनीष केशरी, उपाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता महामंत्री तुलसी केसरवानी एवं उपस्थित सामान्य सदस्य गण खेमलाल गुप्ता, जगदीश प्रसाद गुप्ता, बैजनाथ गुप्ता, सतीश कांत केसरी, गिरीश कुमार केसरवानी, रोहित केसरी, जगमोहन केसरी, राजू गुप्ता, बबलू गुप्ता, हंसराज गुप्ता, लोकनाथ बानी, रवि गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता, पंकज गुप्ता, भोज केसरवानी, मधुकर गुप्ता इत्यादि उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाया एवं भविष्य में सामाजिक उत्थान हेतु संकल्प लिया गया।

## नई चेतना 4.0 जेंडर अभियान में रायगढ़ को विशेष सम्मान

**रायगढ़।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत संचालित जेंडर अभियान के प्रभावी और योजनाबद्ध क्रियान्वयन के लिए रायगढ़ जिले को राज्य स्तरीय नई चेतना 4.0 जेंडर अभियान कार्यशाला में विशेष सम्मान से नवाजा गया है।

यह उपलब्धि कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, जिला पंचायत तथा बिहान मिशन की टीम के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। राज्य स्तरीय नई चेतना 4.0 जेंडर अभियान कार्यशाला का आयोजन सर्किट हाउस, सिविल लाइन्स, रायपुर में किया गया, जहां रायगढ़ जिले को जेंडर अभियान की प्रबंधन सूचना प्रणाली एमआईएस का पूर्ण क्रियान्वयन करते हुए राज्य में सर्वाधिक प्रविष्टि दर्ज करने के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान जिले द्वारा समयबद्ध सटीक और पारदर्शी सूचना प्रविष्टि के साथ साथ जेंडर संवेदनशील कार्यों को प्राथमिकता देने के लिए प्रदान किया गया। जिले की ओर से यह सम्मान एनआरएलएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक अविक बासु, जेंडर मास्टर ट्रेनर श्रीमती मेनका सिदार एवं एफएनएचडब्ल्यू मास्टर ट्रेनर श्रीमती गीतमला दीदी ने सर्किट हाउस, सिविल लाइन्स, रायपुर में उपस्थित होकर ग्रहण किया।

### विद्यार्थियों को किया गया स्वेटर वितरण

**अकलतरा।** नगर के शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को पूर्व कांग्रेस नेता स्वर्गीय नंदकिशोर मनक्सिया के स्मृति में उनके पुत्र नीरज कुमार मनक्सिया के द्वारा एवं कपड़ा व्यवसाई स्वर्गीय भागचंद जैन की स्मृति में उनके पुत्र राकेश जैन के द्वारा स्वेटर वितरण किया गया।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक रवींद्र सिंह बैस ने बताया कि नगर के दोनों ही व्यवसाईयों के द्वारा अपने-अपने पिता की स्मृति में छात्राओं को स्वेटर वितरण किया जा रहा है जो अपने स्वजनों को श्रद्धांजलि देने का बेहतर माध्यम होने के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी है।

## मनरेगा क़े नाम बदलने पर कांग्रेस का विरोध नौटंकी : विकास

**रायगढ़।** मनरेगा क़े नाम बदले जाने पर कांग्रेस द्वारा दिए गए एक दिवसीय धरने क़ो नौटंकी बताते हुए भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री विकास केडिया ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए पूछा कि नाम बदलने से कांग्रेस क़ो इतनी तकलीफ परेशानी है तो भूपेश सरकार ने सत्ता रहते दीनदयाल उपाध्याय स्वालंबन योजना का नाम बदलकर राजीव गांधी स्वालंबन योजना, दीनदयाल उपाध्याय सर्व समाज मांगलिक भवन योजना का नाम बदलकर डॉ. बी आर अंबेडकर सर्वसमाज मांगलिक भवन योजना, दीनदयालय उपाध्याय एलईडी पथ प्रकाश योजना का नाम बदलकर इंदिरा प्रियदर्शनी एलईडी पथ प्रकाश योजना, दीनदयाल उपाध्याय आजीविका केंद्र का नाम बदलकर राजीव गांधी आजीविका केंद्र व दीनदयाल उपाध्याय शुद्ध पेयजल योजना का नाम बदलकर इंदिरा प्रियदर्शनी शुद्ध पेयजल योजना क्यों रख दिया था यह भी आम जनता क़ो बताना चाहिए। कांग्रेस के इस दोहरे चरित्र पर आपत्ति जताते हुए ऊर्जावान महामंत्री विकास केडिया ने कहा देश में 415 योजनाएं नेहरू गांधी परिवार के नाम पर चल रही है, जिसमें सड़क इमारत खेल अवॉर्ड, संस्थान, फेस्टिवल चिकित्सा संस्थान, अस्पताल स्कॉलरशिप नेशनल पार्क एयरपोर्ट और बंदरगाह के चौक चौराहे शामिल हैं।



## सम्मिलित हुए जिलाध्यक्ष अनिल कुमार चौहान

# चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संग का डायमंड जुबली कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर

छग लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ का 75 वर्ष पूर्ण होने पर जिला नारायणपुर में एकता अभियान साथी सम्मान के थीम पर कार्यक्रम रखा गया था।

जिसमें मुख्य अतिथि प्रान्ताध्यक्ष श्विन्देश्वर राम रौतिया, विशिष्ठ अतिथि प्रांतीय महामंत्री योगेश चौरे, सभागीय अध्यक्ष सनकू कर्मा, अतिथि जिलाध्यक्ष सारंगढ़ बिलाईगढ़ अनिल कुमार चौहान, जिलाध्यक्ष रायगढ़ वेद प्रकाश अजगल्ले, जिलाध्यक्ष अजाक रायगढ़ कमल सिंह सारथी को मांदर की थाप धुन पर आदिवासी लोक नृत्य करते हुए अबूझमाड़ नारायणपुर की शहर की गलियों में आतिशबाजी के साथ रैली निकालकर हजारों की संख्या में ससम्मान पुष्प गुच्छ, पारम्परिक तौर तरीका के साथ टीका लगाकर, बेच लगाकर तथा महामाला पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। उपस्थित हजारों कर्मचारियों के समक्ष 2025 मे दर्जनों सेवनिवृत हुये अपने कर्मचारी साथियों को ससम्मान शाल श्रीफल एवं मोमेंटो से विदाई दिया गया साथ भविष्य मे जरूरत पर सहयोग की अपील की गई, पदोन्नत दर्जन कर्मचारियों को शाल श्रीफल से नवीन दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया। एवं नवनियुक्त दर्जनों कर्मचारियों को पुष्प हार बुके गमछा से ससम्मान स्वागत किया गया साथ वचन लिया गया की आपसे संगठन हैं और संगठन से आप इसलिए संगठन के रीत मे और संगठन के हित मे कार्य करेंगे। सभी कर्मचारी साथियो द्वारा कार्यक्रम का आनंद लेते हुए सभी आगतुको का स्वागत किया गया। अंततः छग लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के प्रान्ताध्यक्ष द्वारा समस्या समाधान पर चर्चा शुरू करते हुए निराकरण करने का सटीक उपाय एवं कई कार्य लंबित होना बताया गया। संगठन के लंबित कार्य पूर्ण नहीं होने के स्थिति में आने वाले समय में हड़ताल घेराव कर शासन प्रशासन को लोहा मनवाने का कार्य करेगा तथा सभी कार्य जल्द पूर्ण कराने का आश्वाशन दिया गया। कार्यक्रम को अंतिम रूप देते हुए कार्यक्रम के आयोजक छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ जिला शाखा नारायणपुर के जिलाध्यक्ष मंगलू राम उसेंडी एवं पुरे टीम द्वारा सभी आगंतुको का आभार ब्यक्त किया गया।






# छाल में गूंजा सनातन संस्कृति का जयघोष

**नवापारा/छाल।** छाल क्षेत्र में सनातन संस्कृति के प्रचार प्रसार और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रायगढ़ जिले के छाल स्थित मंगल भवन प्रांगण में सोमवार को एक भव्य विराट हिन्दू समागम का आयोजन किया गया। विशाल हिन्दू सम्मेलन मण्डल छाल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में साधु संतों और धर्म प्रेमियों का महाकुंभ देखने को मिला।

■ आयोजित की गई ऐतिहासिक विराट हिन्दू समागम

इस धर्मसभा में विशिष्ट आतिथ्य और प्रमुख वक्ता के रूप में अभा मार्गदर्शक मंडल विहिप के सदस्य और छत्तीसगढ़ शासन से राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त महामंडलेश्वर मनमोहन दास महाराज राधे राधे बाबा उपस्थित रहे और उन्होंने अपनी ओजस्वी विचारों से जनमानस को संबोधित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राम मंदिर आश्रम, खरसिया के पूज्य स्वामी त्रिवेणीदास महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत छाल के पूर्व सरपंच नीलाम्बर सिंह राठिया ने किया।

**सामाजिक समरसता का संदेश**

आयोजन समिति ने हिन्दव सोदरा सर्वे न हिन्दू पतितो सभी हिन्दू सगे भाई हैं कोई हिन्दू पतित नहीं है और मम दीक्षा हिन्दू रक्षा, मम मंत्र समानता के ध्येय वाक्य के साथ समाज में समानता और एकता का संदेश देने का संकल्प लिया है। इस धार्मिक समागम में विशेष उपस्थिति के तौर पर गुरु महंत समाज घरघोड़ी के सुहावन दास खरसिया के श्रवण साहेब तथा अन्य पूज्य संतजन व समाज सेवक उपस्थित रहे। महाप्रसाद की व्यवस्था आयोजक हिन्दू सम्मेलन समिति के द्वारा कार्यक्रम में पधारने वाले सभी सनातनी बंधु भगिनियों के लिए भोजन महाप्रसाद की उचित व्यवस्था की गई थी।